दिन– रविवार दिनांक– 04/05/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

खेलो इंडिया यूथ गेम्स दो हजार पच्चीस की शुरूआत आज शाम पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक भव्य समारोह के साथ होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया इसका उद्घाटन करेंगे। पन्द्रह मई तक चलने वाले इन खेलो में, अठारह वर्ष से कम आयु वर्ग की साढे आठ हजार से अधिक युवा प्रतिभाएं चौबीस सौ से अधिक पदकों के लिए खेलेंगी। पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय समेत छह शहरों में कुल अट्ठाईस स्पर्धाएं होंगी। साइकिलिंग, शूटिंग और एथलेटिक्स के आयोजन नई दिल्ली में होंगे। उद्घाटन समारोह में लेजर शो के साथ बिहार की विरासत, इतिहास और ज्ञान परंपरा को दर्शाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो संदेश के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। उद्घाटन समारोह में मशहूर अभिनेता पंकज त्रिपाठी और लोक गायिका मैथिली ठाकुर भी रहेंगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन स्पोर्ट्स और ओलंपिक वेब पोर्टल पर किया जाएगा।

————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत आज से ही कई खेल स्पर्धाएं शुरू हो गयी हैं। पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कम्पलेक्स में आज पहले दिन वॉलीबॉल के पुरूष वर्ग में राजस्थान और पश्चिम बंगाल के बीच मुकाबला हुआ। इस मैच में पश्चिम बंगाल की टीम ने राजस्थान को तीन–दो से पराजित किया। इसी वर्ग में जम्मू कश्मीर ने उत्तराखंड को पराजित कर अपने सफर की शुरूआत की। पटना, राजगीर, गया और भागलपुर में जूडो, कबड्डी, मलखंभ और तीरंदाजी के मुकाबले हो रहे है। मेहमान टीम बिहार इस बार अच्छे प्रदर्शन की आशाओं के साथ सात सौ से अधिक खिलाड़ियों के साथ खेलो इंडिया यूथ गेम्स में उतरी है।

————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के उद्घाटन समारोह के सीधे प्रसारण के कारण आज मैथिली बुलेटिन के प्रसारण समय में बदलाव किया गया है। मैथिली बुलेटिन आप संध्या छह बजकर पच्चीस मिनट की जगह जिले की हलचल के प्रसारण के बाद सुन सकेंगे। वहीं, सांध्य प्रादेशिक समाचार का प्रसारण भी आज खेलो इंडिया यूथ गेम्स के विशेष प्रसारण के तुरंत बाद किया जायेगा।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग जल्द ही ई.सी.आई–नेट ऐप लॉन्च करने जा रहा है। यह ऐप सभी मतदाताओं, निर्चाचन पदाधिकारियों, राजनीतिक दलों के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा, जहां चुनाव से संबंधित सभी जानकारी एक ही जगह पर उपलब्ध होगी। इस ऐप से उपयोगकर्ताओं को अलग–अगल ऐप डाउनलोड करने और लॉग इन आईडी याद रखने की आवश्यकता नहीं होगी। यह नया प्लेटफॉर्म वोटर हेल्पलाइन, वोटर टर्नआउट, सी विजिल, सुविधा टू प्वाइंट जीरो और सक्षम जैसे कई लोकप्रिय ऐप्स को अपने में समाहित करेगा।

———————————————————————————

विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन दलों की आज पटना में महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का नाम इंडिया गठबंधन संवाद कार्यक्रम दिया गया। बैठक में नीतीश सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, आपराधिक घटनाओं में वृद्धि और महिला हिंसा पर सरकार को घेरने के मुद्दे पर चर्चा हुई। इंडिया गठबंधन की इस बैठक में राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी सहित वाम दलों के प्रमुख नेता शामिल हुए।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के कई जिलों में बादल छाये हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया और नवादा में मेघगर्जन के साथ बारिश और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है।

वहीं, छह मई को सीमांचल के जिलों में भी बारिश और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान प्रदेश के अन्य जिलों में वज्रपात के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

———————————————————————

समाप्त